# गर्व: गंगा एक्सप्रेस वे को दिन-रात में छूकर गुजरे जंगी जहाज

**उपलब्धि**

**शाहजहापुर, व.स.।** शाहजहांपुर के जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को वायुसेना के विमानों ने सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया।15 विमान गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी को छूकर गुजरे जबकि मालवाहक एयरक्राफ्ट एएन-32 ने लैंडिंग कर रोमांचित कर दिया। ब्योरा P13

**15** विमान शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस-वे को छूकर गुजरे, एएन-32 ने हवाई पट्टी पर की लैंडिंग

## पहला एक्सप्रेसवे जहां रात में भी उतर सकेंगे लड़ाकू विमान

गंगा एक्सप्रेसवे ऐसा तीसरा एक्सप्रेस-वे है, जिसपर वायुसेना के विमानों की सफल लैंडिंग हुई। यहां वायुसेना के विमानों ने रात में भी नाइट लैंडिंग का अभ्यास किया। इसमें 45 मिनट के दौरान 10 लड़ाकू, दो मालवाहक विमान और एक हेलीकॉप्टर ने टच लैंडिंग की। गंगा एक्सप्रेसवे देश का ऐसा पहला एक्सप्रेसवे बन गया है, जहां नाइट लैंडिंग की भी सुविधा है।



गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात टच डाउन लैंडिंग करता लड़ाकू विमान।



गंगा एक्सप्रेस-वे को छूकर गुजरा लड़ाकू विमान।